नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **29**

No. of Printed Pages – **8**

# VU-01 – Hindi (C) (Supp.)

## हिंदी (अनिवार्य)

### वरिष्ठ उपाध्याय पूरक परीक्षा, 2020

**समय : 3¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों के अ, ब, स, द भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

## खण्ड – क

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(उत्तर सीमा **20** से **30** शब्द)

प्राचीन काल से ही नारियाँ हमारे देश में पुरुषों के बराबर बैठती रही हैं और समाज के निर्माण – कार्यों में अपना योगदान देती रही हैं । आधुनिक काल में भी नारी एक बार फिर से अपनी पूरी क्षमता, शक्ति और साहस के साथ समाज में दिखाई देने लगी । शिक्षा के प्रचार–प्रसार से वह पूरी तरह आत्म–विश्वास से भर गई । आप आजादी की लड़ाई का उदाहरण ही लीजिए भीकाजी कामा, सरोजिनी नायडू, अरुणा आसफ अली, कैप्टन लक्ष्मी सहगल आदि बहुत सारे नाम आपके जेहन में आते जायेंगे । गाँधीजी के एक आह्वान पर न जाने कितनी महिलाएँ घर–बार छोड़कर देश की आजादी के लिए संघर्ष करने निकल पड़ीं ।

(अ) समाज निर्माण में भारतीय नारी के योगदान को स्पष्ट कीजिए । **2**

(ब) प्राचीन काल एवं वर्तमान काल में नारी की स्थिति को निर्धारित कीजिए । **2**

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

खून की उल्टियाँ करते
देखा है कभी हवा को, अपने घर के पिछवाड़े ?
थोड़ा–सा वक्त चुराकर बतियाया है कभी –
कभी शिकायत न करने वाली
गुमसुम बूढ़ी पृथ्वी से उसका दुःख ?
अगर नहीं, तो क्षमा करना !
मुझे तुम्हारे आदमी होने पर संदेह है ।

(अ) काव्यांश में पृथ्वी के किस दुःख के बारे में कहा गया है ? **2**

(ब) पृथ्वी आदमी पर क्यों संदेह कर रही है ? **2**

## खण्ड – ख

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक से दो पंक्तियों में लिखिए :

(अ) मनुष्य के लिए एक मानक भाषा की आवश्यकता क्यों है ? **1**

(ब) हिंदी खड़ीबोली ने अपने शब्द-भण्डार का विकास कौन सी दूसरी भाषाओं से किया है ? **1**

4. रेखांकित शब्दों का पद-परिचय लिखिए :

(अ) वाह ! कितना सुन्दर है । **1**

(ब) मैं तुम्हारे साथ चलता हूँ । **1**

5. रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून ।
पानी गए न ऊबरे, मोती, मानुष चून ।।
उपर्युक्त काव्यांश में निहित शब्द-शक्ति को स्पष्ट करते हुए शब्द-शक्ति का नाम लिखिए । **1 + 1 = 2**

6. उदित उदय गिरि मंच पर रघुवर बाल पतंग ।
बिकसे संत-सरोज सब हरषे लोचन भृंग ।।
उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों में कौन सा अलंकार है, स्पष्ट करते हुए समझाइए । **1 + 1 = 2**

7. निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों का अर्थ हिंदी में लिखिए : **1 + 1 = 2**

(अ) Trust

(ब) Schedule

8. राजस्थान सरकार शासन सचिवालय द्वारा सफाई अभियान हेतु चिकित्सा विभाग के लिए एक ज्ञापन लिखिए । **2**

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए : **4**

(अ) स्वच्छता अभियान ।

(ब) प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ ।

(स) विद्या ही श्रेष्ठ धन है ।

(द) मेरा प्रिय नेता ।

**खण्ड – ग**

10. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **1 + 2 + 1 = 4**

(उत्तर सीमा **80** शब्द)

सारी मुश्किल को धैर्य से समझे बिना
मैं पेंच को खोलने के बजाय
उसे बेतरह कसता चला जा रहा था
क्योंकि इस करतब पर मुझे
साफ सुनायी दे रही थी
तमाशबीनों की शाबाशी और वाह वाह ।

**अथवा**

मैं दीवानों का वेश किये फिरता हूँ;
मैं मादकता निःशेष लिए फिरता हूँ;
जिसको सुनकर जग झूम उठे लहराए,
मैं मस्ती का सन्देश लिए फिरता हूँ ।।

11. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **1 + 2 + 1 = 4**

(उत्तर सीमा **80** शब्द)

मजदूरी करना जीवन–यात्रा का आध्यात्मिक नियम है । जोन ऑफ आर्क की फकीरी और भेड़ें चराना, टाल्सटाय का त्याग और जूते गाँठना, उमर खैयाम का प्रसन्नतापूर्वक तंबू सीते फिरना, खलीफा उमर का अपने रंगमहलों में चटाई आदि बुनना, ब्रह्मज्ञानी कबीर और रैदास का शूद्र होना, गुरु नानक और भगवान श्रीकृष्ण का मूक पशुओं को लाठी लेकर हाँकना सच्ची फकीरी का अनमोल भूषण है ।

**अथवा**

प्रजातंत्र की सफलता के लिए एक और बात है जो अत्यन्त आवश्यक है और वह यह है कि अल्पमत पर बहुमत का अत्याचार न हो । अल्पमत का हमेशा यह विश्वास बना रहना चाहिए कि यद्यपि शासन की बागडोर बहुमत के साथ में है तो भी अल्पमत को हानि नहीं पहुँच रही है और अल्पमत पर कोई अनुचित प्रहार नहीं किया जा रहा है ।

12. "सुख व दुःख की मूल प्रवृत्तियाँ ही जीवन को गतिशील बनाती हैं।" प्रस्तुत कथन को स्पष्ट कीजिए। **4**

(उत्तर सीमा **80** शब्द)

**अथवा**

लेखक सरदार पूर्ण सिंह ने ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि किसको और क्यों कहा है ? उदाहरण सहित लिखिए। (उत्तर सीमा **80** शब्द)

13. कबीर के दोहे कौन से जीवन-मूल्यों की प्रेरणा देते हैं ? **4**

(उत्तर सीमा **80** शब्द)

**अथवा**

'भूषण' के पठित कवित्तों के आधार पर शिवाजी के युद्ध-कौशल का वर्णन कीजिए।

(उत्तर सीमा **80** शब्द)

14. 'भाग गया था मुझे छोड़कर वह बचपन फिर से आया' काव्य-पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए। **2**

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

15. 'उद्धव' के द्वारा दिया गया निर्गुण-ब्रह्म का उपदेश गोपियों को अच्छा क्यों नहीं लगा ? **2**

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

16. 'बाजार-दर्शन' पाठ में बाजार के किस रूप का चित्रण हुआ है ? **2**

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

17. 'ठेले पर हिमालय' पाठ में किसका वर्णन है ? **2**

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

18. कवि सूरदास अथवा जैनेन्द्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय लिखिए। **2 + 2 = 4**

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

19. कस्तूरी एवं शक्कर के माध्यम से कवि ने किस मनोभाव को स्पष्ट किया है ? **2**

20. "तुम्हें मेरी हर एक बात से घृणा है – मेरे खाने-पीने से, उठने-बैठने से, हँसने-बोलने से" – प्रस्तुत वाक्य किसने किसको किस संदर्भ में कहा ? **2**

## खण्ड – घ

21. "मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है । जन्म-भर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं ।" प्रस्तुत वाक्य किस संदर्भ में और क्यों कहा है ? **2**

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

22. 'सभ्य पोशाक में' पाठांश में विद्यार्थियों के लिए क्या सलाह दी गई है ? **2**

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

23. ''गौरा' रेखाचित्र में गाय के अंतरंग व बाह्य-सौन्दर्य के साथ मानवीय संवेदना का रेखांकन है ।' कथन की पुष्टि कीजिए । **2**

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

**अथवा**

'तुलसीदास के मार्ग में रत्नावली बाधक न बनकर उनका साथ देती हैं ।' कैसे, स्पष्ट कीजिए ।

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

24. अजन्ता की गुफाओं के धार्मिक, प्राकृतिक एवं शिल्प-सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए । **2 + 2 + 2 = 6**

(उत्तर सीमा **80** शब्द)

**अथवा**

बाबा रामदेव एवं सन्त जम्भेश्वर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्पष्ट कीजिए । (उत्तर सीमा **80** शब्द)

**खण्ड – ङ**

25. संचार माध्यमों के कितने रूप हैं ? स्पष्ट कीजिए । **2**

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

26. संपादकीय पृष्ठ का महत्त्व समझाइए । **2**

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

27. साक्षात्कार के इतिहास को संक्षेप में लिखिए । **2**

(उत्तर सीमा **40** शब्द)

28. 'यात्रा–वृत्तांत' को उदाहरण सहित समझाइए । **3**

(उत्तर सीमा **60** शब्द)

29. भारत में डायरी–लेखन के पुरातन एवं आधुनिक रूप को समझाइए । **3**

(उत्तर सीमा **60** शब्द)

DO NOT WRITE ANYTHING HERE